प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- एसीबी ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए 15 लोगों को जारी किया नोटिस, 9 जून से पहले सभी को उपस्थित होने का दिया आदेश।
- गोड्डा में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह का लोकल बॉडी फेडरेशन ने किया स्वागत, मंत्री ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन।
- सरायकेला में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का सम्मेलन विवादों के बीच संपन्न, बिना मतदान पदाधिकारियों के चयन पर हुआ विरोध।
- राज्य में मौसम का उतार चढ़ाव जारी, अगले दो दिन बढ़ेगा तापमान, 5 जून तक कई हिस्सों में बारिश के आसार।
- खूंटी में हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की अंतिम विदाई पर उमड़ी भीड़, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि।

*******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो– एसीबी ने झारखंड शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए 15 लोगों को नोटिस जारी किया है। सभी को 41ए के तहत 9 जून से पहले उपस्थित होने को कहा गया है। अब तक इस 38 करोड़ रुपये के घोटाले में आईएएस विनय चौबे, गजेंद्र सिंह समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पूछताछ का सिलसिला जारी है।

*******************

गोड्डा के रौतारा चौक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह का लोकल बॉडी एम्प्लॉय फेडरेशन ने स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाईकर्मी, स्थानीय नागरिक और फेडरेशन के सदस्य उपस्थित थे। मौके पर मंत्री ने कहा कि सरकार लोगों के साथ है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

*******************

सरायकेला–खरसावां ज़िले में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई का चौथा सम्मेलन विवादों के बीच संपन्न हुआ। सम्मेलन के दौरान बिना मतदान के पदाधिकारियों के मनोनयन को लेकर कई सदस्यों ने विरोध जताया और लिखित आपत्ति पत्र देकर बहिष्कार किया। प्रदेश सचिव रामाधार शर्मा ने स्पष्ट किया कि केवल वैध सदस्य ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

*******************

भारत का सकल वस्तु और सेवा कर–जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मई में कुल जीएसटी संग्रह 2 करोड़ एक लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष मई में एकत्र एक करोड़ 72 लाख रुपये की तुलना में 16 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 12 दशमलव 6 प्रतिशत बढ़कर अब तक के सर्वाधिक 2 करोड़ 37 लाख रुपये पर पहुंच गया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
*******************

हजारीबाग के पगार ओपी थाना क्षेत्र में टीएसपीसी उग्रवादियों ने दो वाहनों पर फायरिंग कर उन्हें आग के हवाले कर दिया और घटनास्थल से टीएसपीसी कमांडर के नाम से एक पर्चा बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।
*******************

जामताड़ा जिले के मथुरा गांव के अवकाश प्राप्त शिक्षक तपन कुमार मांजी ने 1994 से अब तक 12 एकड़ बंजर भूमि पर 800 से अधिक आम के पौधे लगाकर बागवानी की दिशा में मिसाल कायम की है। उनके इस प्रयास से पर्यावरण संतुलन के साथ–साथ क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। उनके काम से प्रेरित होकर अब कई किसान भी आम की बागवानी की ओर अग्रसर हो रहे हैं।
*******************

दुमका का विश्व प्रसिद्ध बासुकीनाथ श्रावणी मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। मेले की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तत्परता से लगा हुआ है।
*******************

संक्षिप्त खबरें–

- गोड्डा के राजमहल कोल परियोजना क्षेत्र के पहाड़पुर खनन स्थल पर हुए गोलीकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर दो देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और एक मिस फायर कारतूस भी बरामद किया है।
- खरसावां–रडगांव मुख्य मार्ग पर एक ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया, जबकि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।
- हजारीबाग के बीएसएफ मेरु कैंप में फर्जी जॉइनिंग लेटर और दस्तावेजों के साथ पहुंचे दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पाया गया कि दोनों आरोपी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है, इसके बाद तापमान स्थिर रहेगा। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने लोगों को मौसम के उतार–चढ़ाव के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है।
*******************

खूंटी की हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का पार्थिव शरीर एसएस स्कूल स्टेडियम में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया, जहां भारी संख्या में खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रतिमा बरवा की असमय मृत्यु को खेल जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रभारी प्राचार्या जे. किड़ो ने कहा कि उनका समर्पण और नेतृत्व भावी खिलाड़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा रहेगा।
गौरतलब है कि हॉकी कोच प्रतिमा बरवा अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, रजनी केरकेट्टा और सुषमा की हॉकी प्रशिक्षक रहीं हैं।
*******************

आईपीएल क्रिकेट में पंजाब किंग्स फाइनल में पहुंच गई है। पंजाब किंग्स ने कल रात क्वालीफायर टू मैच में मुंबई इंडियंस को 5 विकेट से हराया।
इस जीत के बाद पंजाब किंग्स कल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ंत में अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–
रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने शराब घोटाला मामले में एसीबी द्वारा 15 लोगों को जारी समन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर लिखता है– शराब घोटाले में एसीबी ने उत्पाद सचिव समेत 15 को भेजा नोटिस।
दैनिक भास्कर के शब्द हैं–राज्य का पहला ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क अगस्त में होगा शुरू, खेल–खेल में सीखेंगे बच्चे।
हिंदुस्तान की सुर्खी है– सलीमा–संगीता को संवारने वाली प्रतिमा बरवा नहीं रही।
दैनिक जागरण ने टाटी सिलवे महिलौंग जलापूर्ति योजना में जांच के दौरान बड़े घोटाले का खुलासा को अपना शीर्षक बनाया है।
और अंग्रेजी अखबार द टाईम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**************